कोटद्वार, शुक्रवार
8 नवम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 186 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

13 से शुरू होंगी बदरीनाथ में पंच पूजाएं

चमोली : बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 17 नवंबर को रात 9 बजकर 7 मिनट पर बंद होंगे। बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने से पूर्व विभिन्न धार्मिक प्रक्रियाएं आयोजित होती हैं। 13 नवंबर से पंच पूजाएं शुरू होंगी। पंच पूजाओं के तहत पहले दिन भगवान गणेश की पूजा होगी। शाम को इसी दिन भगवान गणेश के कपाट बंद होंगे। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया मंदिर के कपाट बंद होने की पूर्व प्रक्रिया में 14 नवंबर को आदि केदारेश्वर मंदिर और शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। 15 नवंबर को खडग, पुस्तक पूजन और वेद ऋचाओं का वाचन बंद होगा। 6 नवंबर को मां लक्ष्मी जी को कढ़ाई भोग चढ़ाया जाएगा। रविवार को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। (एजेंसी)

शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में विराजमान हुए भगवान तुंगनाथ

रुद्रप्रयाग : तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली गुरुवार को शीतकालीन गद्दीस्थल मर्केटेश्वर मंदिर मक्कूमठ में विराजमान हो गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान तुंगनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस यात्रा सीजन में भगवान तुंगनाथ मंदिर में करीब 173742 से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ अपने शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ पहुंच गए हैं। गुरुवार से ही मर्केटेश्वर मंदिर मक्कूमठ में भगवान तुंगनाथ की शीतकालीन पूजाएं भी शुरू हो गई हैं। गुरुवार को डोली के मक्कूमठ पहुंचने पर स्थानीय जनता, श्रद्धालुओं ने भगवान का भव्य स्वागत किया। डोली यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में भक्तों ने उत्सव डोली के दर्शन किए। जबकि मक्कूमठ में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना की। मक्कूमठ मंदिर को तुंगनाथ की डोली आगमन के मौके पर फूलों से सजाया गया है। (एजेंसी)

जौलीग्रांट में दो लोगों ने की खुदकुशी

ऋषिकेश। जौलीग्रांट क्षेत्र में दो लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी कर ली है। इनमें एक प्रॉपर्टी डीलर का शव पुलिस को उसके घर में पंखे से लटका मिला जबकि दूसरे शख्स ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जौलीग्रांट के निजी अस्पताल में गंभीर हालत में युवक की मौत हो गई। दोनों का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। डोईवाला कोतवाली पुलिस के मुताबिक बीते बुधवार की देर रात प्रॉपर्टी के कारोबार जुड़े जौलीग्रांट स्थित दुर्गा चौक निवासी 52 वर्षीय कर्मेंद्र चंद्र रमोला का शव उनके घर में पंखे से लटका मिला। परिजनों ने कर्मेंद्र की लाश पंखे से लटकी देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गुरुवार सुबह धर्मपाल निवासी जौलीग्रांट ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर स्थिति में परिजन धर्मपाल को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि दोनों ही मामले संदिग्ध हैं, जिनकी जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की सही वजह का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ में जुटी है।

रुड़की में फाइनेंसर की तीन गोली लगने से मौत

रुड़की। शहर में फाइनेंसर की संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात तीन गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दो लाइसेंसी पिस्टल भी घटनास्थल से बरामद की है। जबकि फाइनेंसर के साथी को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। गांव लिब्बरहेड़ी कोतवाली मंगलौर के मूल निवासी विवेक दास शर्मा आजाद नगर में किराए पर रहते थे। उनका एक साथी साउथ सिविल लाइन में रहता है। बीती देर रात को दोनों साथी पार्टी कर रहे थे। तभी तीन गोली लगने से फाइनेंसर विवेक दत्त शर्मा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि फाइनेंसर के सिर में एक गोली लगी है और दो अन्य शरीर पर लगी हैं। जिसके बाद पुलिस ने फाइनेंसर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने 32 बोर के तीन खोखे और दो लाइसेंसी पिस्टल भी घटना स्थल से बरामद की है। रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि फाइनेंसर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक फाइनेंसर के साथी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस ने 32 बोर के खोखे और दो लाइसेंसी पिस्टल भी मौके से बरामद की है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।

आतंकियों से निपटने के लिए मास्टर प्लान तैयार

जल्द आएगी राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक नीति

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक नीति और रणनीति लाएगी।

आतंकवाद की कोई सीमा नहीं

आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है और राज्यों की भौगोलिक सीमाएं और संवैधानिक सीमाएं हैं, लेकिन आतंकवाद के मामले में ऐसी कोई सीमा नहीं है और इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों (केंद्र और राज्य) को निकट समन्वय में काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए।

आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आदर्श आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और आदर्श विशेष कार्य बल (एसटीएफ) पर एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिसे अगर अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा।

दून में कोचिंग कर रही उत्तरकाशी की युवती से दुष्कर्म

देहरादून। दून में नीट की कोचिंग कर रही उत्तरकाशी जिले की युवती से जबरन दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि इस बारे में किसी को न बताए। खुद को बचाने के लिए शादी करने का झांसा भी दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर डालनवाला मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि उत्तरकाशी जिले की 19 वर्षीय युवती पिछले डेढ़ साल से करनपुर इलाके में रहकर ऑनलाइन नीट की कोचिंग कर रही है। तैयारी के लिए वह एक लाइब्रेरी भी जाती है।

लाइब्रेरी में करीब डेढ़ महीने पहले उसकी मुलाकात राजेंद्र चौहान निवासी करनपुर से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पीड़िता का आरोप है कि बीते 16–17 अक्तूबर को आरोपी ने युवती को अपने कमरे पर बुलाया। आरोप है कि कमरे में जबरन दुष्कर्म किया। राजेश ने किसी से यह बात साझा करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके कारण वह चुप रही। हिम्मत जुटाकर उसने अपने पिता को यह बात बताई और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

दिल्ली–एनसीआर में छठ की धूम: सीएम आतिशी–केजरीवाल ने निभाईं रस्में

दिल्ली, दिल्ली समेत गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम तक छठ महापर्व मनाया जा रहा है। गुरुग्राम में सूर्योपासना के महापर्व छठ का पहला अर्घ्य बृहस्पतिवार की शाम संपन्न हुआ। गुरुग्राम में 35 बड़े छठ घाट बनाए गए हैं। इसके अलावा व्रतियों ने स्वीमिंग पुल और घर छतों पर भी अर्घ्य दिया। इसके अलावा गाजियाबाद में छठ महापर्व पर आकाश से पूर्वांचलियों पर पुष्पों की वर्षा हुई। दिल्ली के कई घाटों और कृत्रिम जलाशय में समेत नोएडा की सोसायटी में छठ पर्व मनाया जा रहा है।

गुरुग्राम में मना छठ महापर्व

शीतला माता मंदिर परिसर में पुराना ब्रह्म सरोवर तालाब मंदिर निर्माण के कारण बंद है। मंदिर की पार्किंग में पाटलीपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति ने प्रशासन और छठ पूजा के समाजसेवियों की अगुआई में छठ घाट बनाया गया है। यहां हजारों की संख्या में व्रती और उनके परिवार के लोग जुटे हुए हैं। गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर पार्किंग स्थल पर बनाए गए छठ घाट पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने व्रती पहुंचीं।

गुरुग्राम में मुख्य शहर के दूर बसी सोसाइटियों में लोगों ने स्वीमिंग पुल को छठ घाट बना लिया। विपुल लावण्या सोसाइटी, सेक्टर 102 स्थित सनसिटी एवेन्यू, सेक्टर 79 स्थित मैपस्को माउंटविले, सेक्टर 82 स्थित मैप्सको कासाबेला, सेक्टर 109 स्थित वुडशार्, सेक्टर 46 स्थित पावर ग्रिड, सेक्टर 83 स्थित वाटिका आदि सोसाइटियों में स्वीमिंग पुल पर छठ पूजा आयोजित की गई है। जहां अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। दिल्ली के आईटीओ स्थित यमुना घाट पर छठ पूजा करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। आज डूबते सूर्य को सायंकालीन अर्घ्य दिया। छठ पर्व की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन नहाय खाय से होती है। पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उगते सूर्य सप्तमी को अर्घ्य देकर व्रत समाप्त होता है।

लंदन डब्ल्यूटीएम में दिखी प्रधानमंत्री मोदी के 'चलो इंडिया' की छाप : महाराज

पर्यटन मंत्री महाराज ने लंदन के पर्यटन बाजार (डब्ल्यूटीएम) में किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : एक्सेल लंदन में शुरू तीन दिवसीय विश्व पर्यटन बाजार (डब्ल्यूटीएम) में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों के साथ-साथ उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भारत में आने वाले पर्यटकों के लिए ब्रिटेन दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार है। लगभग 19 लाख की बड़ी प्रवासी आबादी के साथ ब्रिटेन में सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी रहते हैं। भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता, पर्यटन उत्पादों और गहन अनुभवों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सरकारों, अंतर्गामी टूर ऑपरेटरों, एयरलाइंस, भारतीय पर्यटन उद्योग के होटल व्यावसायियों सहित लगभग 50 हितधारकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विश्व पर्यटन बाजार, लंदन में भाग ले रहा है। यह पहल देश के भीतरी पर्यटन को बढ़ावा देने और देश को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के भारत के रणनीतिक लक्ष्य के अनुरूप है।लंदन में शुरू हुए तीन दिवसीय विश्व पर्यटन बाजार (डब्ल्यूटीएम) में गुरुवार को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के साथ-साथ राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में उत्तराखंड ने भी अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। इस दौरान श्री महाराज ने लंदन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम कुमार दोराईस्वामी एवं केंद्रीय पर्यटन पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा की उपस्थिति में भारत मंडपम में बने ह्लअतुल्य भारतह्व स्टॉल का शुभारंभ भी किया। भारत मंडपम में उत्तराखंड सहित देश के अनेक राज्यों की संस्कृति और पर्यटन को दर्शाते हुए अनेक स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। श्री महाराज ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अलावा, राज्य पर्यटन विभाग, टूर ऑपरेटर, एयरलाइंस, सार्वजनिक उपक्रम आदि सहित कई अन्य हितधारक डब्ल्यूटीएम में बने भारत मंडप में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा सह-प्रतिभागियों में उत्तराखंड, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर, पुदुचेरी, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, टूर ऑपरेटर एवं गंतव्य प्रबंधन कंपनियां, एयरलाइन, रिसॉर्ट और आईआरसीटीसी शामिल हैं। गोवा, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के राज्य पर्यटन विभाग भी अपने विशिष्ट पर्यटन अनुभवों को प्रदर्शित करने और संभावित ग्राहकों तथा भागीदारों से जुड़ने के लिए इस विश्व पर्यटन बाजार में भाग ले रहे हैं।

उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत

बागेश्वर। गरुड़। तहसील के राजस्व पुलिस क्षेत्र के रणकुंणी गांव निवासी तीन लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतकों में एक आरोपी की मां तथा चाची और चचेरा भाई शामिल हैं। मौत की सूचना के बाद से गांव में शोक की लहर है। मालूम हो कि धनतेरस की रात रणकुणी गांव में कुंदन नाथ ने आपसी विवाद के चलते नारायण के घर में गैस सिलेंडर खोलकर आग लगा दी थी। इस घटना में 11 लोग झुलस गए थे।

सभी का पहले सीएचसी बैजनाथ, बाद में जिला अस्पताल में इलाज चला। यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया। हल्द्वानी में दो दिन उपचार के बाद सात लोगों को एम्स ऋषिकेश व देहरादून रेफर किया गया। बुधवार की रात आरोपी कुंदन नाथ की मां भवगती देवी पत्नी माधोनाथ, चाची चंपा गिरी पत्नी नारायण गिरी तथा चम्पा देवी का पुत्र जीवन गिरी व नारायण गिरी की मौत हो गई है। राजस्व उप निरीक्षक कुंदन मेहता ने बताया कि तीनों के शवों को लाया जा रहा है।

1.08 करोड़ से रिचार्ज होगी द्रोण झील

आईटीआई रुड़की ने झील का सर्वे कर तैयार किया प्रस्ताव



काशीपुर। द्रोणसागर तीर्थ का 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन योजना के तहत सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पहले फेज में इस मद में द्रोण झील में 4.57 करोड़ से काम हो चुके हैं। दूसरे फेज में 1.08 करोड़ से द्रोण झील को रिचार्ज किया जाएगा। आईआईटी रुड़की ने सर्वे कर प्रोजेक्ट तैयार किया है। फेज टू के अन्य कार्यों के लिए आर्किटेक्ट प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) ने द्वितीय फेज के काम को लेकर कई सुझाव दिए हैं।

काशीपुर का द्रोणसागर व गोविषाण टीला खुद में महाभारत कालीन इतिहास समेटे है। मान्यता है कि यहां गुरु द्रोण ने पांडवों को धनुर्विद्या सिखाई थी। सरकार ने इसे 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन योजना में शामिल किया है। केएमवीएन ने पहले चरण में 4.57 करोड़ से यहां म्यूरल वॉल, पार्किंग, फूड कोर्ट, ओपन एयर थियेटर, लेजर शो, फुटपॉथ वे, किड्स जोन, ग्रीन बेल्ट, दुकानों के साथ आंतरिक मार्गों का निर्माण कराया है। सहायक अभियंता मनोज मासीवाल ने बताया कि डेस्टिनेशन को ऐतिहासिक लुक देने को पुरातत्व विभाग की मदद ले रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झील को रिचार्ज कर उसके चारों ओर टाइल्स रोड बनाई जाएगी। रुड़की आईआईटी ने इसके लिए 1.08 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया है।

स्मॉग में लिपटी राजधानी, हवा जहरीली, सांसों पर संकट बरकरार

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा इन दिनों जहरीली बनी हुई है। दिल्ली के कई हिस्सों में धुंध की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली के लोगों को आने वाले कई दिनों तक प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बीते कई दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, आज सुबह आनंद विहार में एक्यूआई 426, मुंडका में एक्यूआई 417 बवाना में 411, बुराड़ी में 377, अशोक विहार 417, आईटीओ 358, जहांगीरपुरी 428, रोहिणी 405, नजफगढ़ 363, आरकेपुरम 378, पंजाबी बाग 388, सोनिया विहार 399, द्वारका सेक्टर 8 में 380 दर्ज किया गया है।

वहीं, बुधवार को एक्यूआई 352 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। इसमें मंगलवार के मुकाबले 21 अंकों की कमी दर्ज की गई। सुबह आसमान में हल्की स्मॉग की चादर छाई नजर आई। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में तकलीफ महसूस हो रही है। इसके अलावा दृश्यता में भी गिरावट दर्ज की गई।

शुक्रवार तक बेहद खराब श्रेणी में रहेगी हवा

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, बुधवार को हवा विभिन्न दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। बृहस्पतिवार को भी हवा विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, शुक्रवार को हवा विभिन्न दिशा की ओर से चलेगी। हवा की चाल 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। शनिवार को भी हवा विभिन्न दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की चाल 4 से 8 किमी प्रतिघंटा रहेगी। वहीं, रात के समय हल्का कुहासा छाए रहने की संभावना है। स्मॉग छाई रहेगी। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

ओबीसी आरक्षण का अध्यादेश 15 दिन में जारी करेगी सरकार

हल्द्वानी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कहा है कि निकायों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस वर्मा की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर विधेयक ले आए हैं। अब 15 दिनों के भीतर ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। रुद्रपुर निवासी रिजवान अंसारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार 2011 की जनगणना के अनुसार निकायों में आरक्षण निर्धारित कर रही है। जबकि 2018 के निकाय चुनाव इसी आधार पर संपन्न कराए गए थे, लेकिन वर्तमान समय में पहाड़ के बजाय प्रदेश के मैदानी इलाकों में ओबीसी का वोट बैंक बढ़ा है। ऐसे में ओबीसी समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।

छठ की खरीदारी के लिए उमड़े ग्राहक, बाजारों में रहा जाम

विकासनगर। छठ की खरीदारी के लिए गुरुवार सुबह से ही पछुवादून के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही। विकासनगर और सेलाकुई के मुख्य बाजारों में वाहन जाम में फंसते रहे। दोपहर तक कई बार जाम की स्थिति पैदा हो गई। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस को जमकर पसीना बहाना पड़ा। छठ पर्व के लिए कृषि उत्पादन मंडी परिषद में सुबह से हिमाचल प्रदेश, जौनसार बावर, उत्तरकाशी से वाहनों में फल, सब्जी बड़ी मात्रा में आई। खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों की भीड़ और मुख्य बाजार में एनएच पर ही फल–सब्जी की ठेलियां लगने के कारण बाजार में जाम की स्थिति रही। दोपहर से गंगभेवा बावड़ी जाने के लिए लोगों का ई रिक्शा में आना शुरू हो गया था, इससे यातायात स्थिति और बिगड़ गई। शहर के डाकपत्थर तिराहा, अस्पताल चौक, पहाड़ी गली चौक और बाबूगढ़ चुंगी पर दोपहर से जाम लगना शुरू हो गया। यही हाल सेलाकुई का भी रहा। सेलाकुई में पूर्वांचल समाज के लोगों की तादाद ज्यादा होने के कारण बाजारों में देर शाम तक भीड़ रही। इससे यहां लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। व्यापारी मनोज अग्रवाल, शुभम, रिंकू कन्नौजिया, साहिल ने बताया कि त्योहार का सीजन होने के बावजूद पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए कोई पुख्ता उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जबकि बाजार में जाम की समस्या हर दिन झेलनी पड़ रही है। व्यापार मंडल के महामंत्री भारत कालरा ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस–प्रशासन और व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक में ठोस नीति तय की जाएगी। उधर, शहर कोतवाल राजेश शाह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक चौराहे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

सीएम ने किया तीन हवाई सेवाओं का वर्चुअल उदघाटन

देहरादून से उत्तरकाशी और गौचर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू राज्य में उड़ान योजना के तहत बन रहे हैं 18 हेलीपोर्ट्स

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को उत्तराखण्ड हवाई सम्पर्क योजना के तहत सहस्त्रधारा (देहरादून) से जोशियाडा (उत्तरकाशी) और सहस्त्रधारा (देहरादून) से गौचर (चमोली) के लिए हेलीकॉप्टर सेवा एवं दिल्ली से पिथौरागढ़ विमान सेवा का सीएम आवास से वर्चुअल शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हवाई सेवाएं, राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होने जा रही हैं, इसलिए सरकार उड़ान योजना के तहत 18 स्थानों पर हेलीपोर्टस का निर्माण कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने इन सेवाओं को प्रारंभ करने में सहयोग देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडु का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये तीनों परियोजनाएं हमारे राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होने जा रही हैं, इन सेवाओं के प्रारंभ होने से राज्य में पर्यटन एवं आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ-साथ सीमांत क्षेत्र पिथौरागढ़ की जनता को देश की राजधानी तक पहुंचने के लिए एक नया और बेहतर विकल्प मिल सकेगा। इन हवाई सेवाओं के प्रारंभ होने से आपातकालीन और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी गति आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड हवाई संपर्क योजना के तहत देहरादून सहस्त्रधारा से जोशियाड़ा और गौचर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का प्रारम्भ होना हमारे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब देहरादून से जोशियाड़ा की यात्रा केवल 40 मिनट और गौचर की यात्रा मात्र 50 मिनट में पूरी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम हमारे पर्वतीय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व आम आदमी को भी हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से दूरदर्शी योजना उड़ान का शुभारंभ किया था। इस योजना ने उत्तराखंड में भी हवाई संपर्क को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उड़ान योजना के अंतर्गत राज्य में वर्तमान में 18 हेलीपोर्ट्स विकसित किए जा रहे हैं। जिनमें से अब तक 10 हेलीपोर्ट्स पर हवाई सेवाएं सफलतापूर्वक शुरू की जा चुकी हैं। इन हेली सेवाओं से श्रीनगर, हल्द्वानी, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत और अल्मोड़ा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सफलता पूर्वक जोड़ा जा चुका है। आने वाले समय में राज्य के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी हेली सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक उमेश शर्मा काऊ प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी युकाडा श्रीमती सोनिका, एसीईओ दयानन्द सरस्वती, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पवन हंस संजय, एलान्स एयर से रंजन दत्ता, आर. सी. शर्मा, वर्चुअल माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टमटा, विधायक सुरेश सिंह चौहान, अनिल नौटियाल, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी चमोली डॉ. संदीप तिवारी और जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गिरी गोस्वामी उपस्थित थे।

सहस्त्रधारा-गौचर हेलीकॉप्टर सेवा

इस सेवा में लगभग 50 मिनट का समय लगेगा। सहस्त्रधारा से यह हेलीकॉप्टर प्रातः 09:30 बजे गौचर के लिए रवाना होगा तथा अपराहन् 10:40 बजे गौचर से सहस्त्रधारा के लिए वापसी करेगा। पवन हंस की यह सेवा सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक 06 दिन होगी। 20 नवम्बर 2024 तक इसका प्रति व्यक्ति एक तरफ किराया 03 हजार रूपये और उसके बाद 3600 रूपये प्रति व्यक्ति होगा।

सहस्त्रधारा-जोशियाड़ा हेली सेवा

इस सेवा में लगभग 40 मिनट का समय लगेगा। सहस्त्रधारा से यह हेलीकाप्टर मध्याहन 12:00 बजे जोशियाड़ा के लिए रवाना होगा तथा अपराहन् 01:00 बजे जोशियाड़ा से सहस्त्रधारा के लिए वापसी करेगा। पवन हंस की यह सेवा सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक 06 दिन होगी।

सम्पादकीय

मुसीबतों का मोबाइल

आज की आधुनिक युग में मोबाइल फोन हमारी एक ऐसी जरूरत बन गया है जिसके बिना चलना आप मुश्किल लगने लगा है। यही मोबाइल जहां कहीं सुविधाओं का साधन है तो वहीं दूसरी ओर एक ऐसा बड़ा विस्फोट भी है जो पूरी जमा पूंजी तो खाली कर ही सकता है साथ ही इसका गलत प्रयोग जेल की सलाखों के पीछे भी भेज सकता है। अभी ताजा मामला बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान को फोन पर धमकी देने से जुड़ा हुआ है और इसमें भी मोबाइल फोन की एक बड़ी भूमिका है। असल में शाहरुख खान को यह धमकी मध्य प्रदेश रायपुर निवासी फैजान खान नाम के सिम कार्ड धारक से मिली थी जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फैजान खान को ढूंढ निकाला लेकिन जब हकीकत सामने आई तो पता लगा कि फैजान खान तो एक वकील है जो अपनी प्रैक्टिस करते हैं और उन्होंने ही बताया कि दो नवंबर को उनका फोन कहीं खो गया था। फैजान खान से पूछताछ करने के बाद फिलहाल पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया है लेकिन अभी यह जांच का विषय है कि क्या इसमें फैजान खान की भूमिका है भी या नहीं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि अब फैजान खान के नाम से जारी हुए सिम कार्ड से 50 लाख की फिरौती मांगने वाले को इतनी आसानी से नहीं छोड़ा जा सकता है। यहां फैजान खान द्वारा समय पर मोबाइल फोन गायब होने की सूचना दी जा चुकी थी और शायद कहीं ना कहीं यही उनके बचाव का एक बड़ा कारण भी बना है। फिलहाल रायपुर पुलिस के लिए अभी यह बड़ी पहेली है कि उनका फोन अगर चोरी हुआ है तो किसके पास है और कहां प्रयोग हो रहा है? ऐसे प्रकरणों के सामने आने के बाद प्रत्येक मोबाइल धारक को यह अच्छी तरह अपने दिमाग में बिठा लेना चाहिए कि यदि कभी मोबाइल खोता या चोरी होता है तो बिना देरी किए इसकी सूचना अपने निकटतम थाना पुलिस को तत्काल कर देनी चाहिए अन्यथा ना जाने कब कौन सी बड़ी मुसीबत आफत बनकर सर पर सवार हो जाए। यही नहीं सड़क पर विभिन्न बहाने बनाकर फोन मांगने वालों से भी अब सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि बड़ी आसानी से मोबाइल से बात करते हुए "ओटीपी" मंगाकर अकाउंट खाली करने के भी काफी मामले सामने आ गए हैं। मोबाइल 21वीं सदी के इंसान के लिए एक क्रांति है लेकिन यही बर्बादी का कारण भी साबित हो सकता है, यदि बेहद सतर्कता एवं सावधानी से इसका प्रयोग ना किया जाए। अब मोबाइल को भी ठीक वैसे ही गोपनीय रखने की जरूरत नजर आने लगी है जैसे कि हम अपने बैंकों के खातों और दूसरी आवश्यक निजी वस्तुओं को रखते हैं।

धर्मनिरपेक्षता विरोधी नहीं है हिंदू एकता

प्रो शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित

हिंदू धर्म को बुराई मानने की अदूरदर्शिता इतनी प्रबल है कि सावरकर या आंबेडकर जैसे लोगों के तर्कों की गुणवत्ता या सत्यता चाहे जितनी भी हो, उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। जाति विभाजन की उनकी आलोचना पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता है। ऐसे आलोचकों के लिए सावरकर सिर्फ एक अहंकारी व्यक्ति हैं, न कि उन्मूलनवादी, जो जाति विभाजन को हिंदू और भारतीय पहचान के लिए बाधक मानते थे, जो आक्रांताओं और साम्राज्यवादी अंग्रेजों द्वारा खंडित कर दिया गया था।

डा0 एस राधाकृष्णन का कथन है कि हिंदू धर्म एक प्रक्रिया है, परिणाम नहीं, बढ़ती हुई परंपरा है, अन्य धर्मों की तरह निश्चित रहस्योद्घाटन नहीं। हिंदू धर्म और संस्कृति का उपहास करना फैशन बन गया है। असल में, हिंदू धर्म को दोष देने से ज्यादा कोई बात उदारवादी साख को नहीं बढ़ा सकती। ऐसा चलन घरेलू ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय भी है। मान लें कि कोई न्यूयॉर्क टाइम्स या वाशिंगटन पोस्ट जैसे अखबारों में स्तंभकार होना चाहता है, तो उसे हिंदू संस्कृति के प्रति अपनी अवमानना को दर्शाना होगा। यह निंदा के विभिन्न संस्करणों के माध्यम से किया जाता है, चाहे वह सामाजिक हो, आर्थिक हो या राजनीतिक हो। यहां तक कि खालिस्तानी चरमपंथियों में भी हिंदूफोबिया है, जो उनके गुरुओं के सिद्धांतों के विपरीत है।

हिंदू एकता से कुछ लोग घबराते हैं

जब ईरान इस्लामी एकता का आह्वान करता है, तो कोई नहीं चौंकता, क्योंकि पश्चिम में जिस उदारवाद और डीप स्टेट को वह नियंत्रित करता है, वह धर्मनिरपेक्ष है। हिंदू एकता का कोई भी आह्वान उन लोगों के लिए खतरा है, जो धर्मनिरपेक्षता चाहते हैं, जबकि वे स्वयं धर्मनिरपेक्ष नहीं हैं। भारत एक बहुलतावादी देश है। हिंदू एकता अच्छी बात है, क्योंकि इसे जाति से ऊपर उठना होगा, जो राजनीति में भिन्न-भिन्न रूपों में दिक्कत है। इसे गंभीरता से लेने की बात बाबासाहेब आंबेडकर के साथ-साथ वीर सावरकर की ओर से आयी थी।

जातिवाद एक दक्षिण एशियाई परिघटना है

हिंदू धर्म के आलोचकों की अक्सर निंदा जातिवाद को लेकर होती है। इस बारे में और बात करने से पहले, यह कहना जरूरी है कि जातिवाद एक बुरी प्रथा है और इसे, जैसा कि डॉ आंबेडकर कहते हैं, 'समाप्त' कर देना चाहिए। फिर भी, हिंदू धर्म के आलोचकों के बारे में जो बात चौंकाने वाली है, वह है हिंदू धर्म को जाति के दायरे से परे देखने की उनकी अज्ञानता और अनिच्छा। इस तथ्य के बारे में जागरूकता की भी आम तौर पर कमी है कि जाति केवल हिंदू धर्म से जुड़ी प्रथा नहीं है। जातिवाद एक दक्षिण एशियाई परिघटना है। यह मुसलमानों और ईसाइयों में भी है, क्योंकि वे आरक्षण का लाभ उठाते हैं। हिंदू धर्म छोड़ने के लिए जो आंबेडकर की उचित सराहना करते हैं, वे कभी यह नहीं पूछते कि उन्होंने बौद्ध धर्म क्यों अपनाया, इस्लाम क्यों नहीं। वे इस्लाम को हिंदू धर्म से बेहतर नहीं मानते थे। उन्होंने कहा था- 'इस्लाम या ईसाई धर्म में धर्मांतरण से दलित वर्ग का राष्ट्रवाद खत्म हो जायेगा।' कांग्रेस और गांधी के बारे में भी उनके विचारों को नहीं भूलना चाहिए, जिनसे भारत में जातिवाद एवं अस्पृश्यता के बारे में पाखंड उजागर हुए। कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति खिलाफत आंदोलन (1922) से शुरू होती है, जिसने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित कर दिया था। जातिवाद बुरा था, पर इसे कायम रहने देना भी अपराध था। आज हिंदू एकता की बातें वैसी गलती से बचने पर आधारित हैं।

कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा हिंदू एकता के आह्वान को जातिवाद त्यागने के प्रयास के रूप में नहीं, बल्कि एक धार्मिक वर्चस्ववादी प्रयास के रूप में देखा जाता है। हिंदू धर्म को बुराई मानने की अदूरदर्शिता इतनी प्रबल है कि सावरकर या आंबेडकर जैसे लोगों के तर्कों की गुणवत्ता या सत्यता चाहे जितनी भी हो, उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। जाति विभाजन की उनकी आलोचना पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता है। ऐसे आलोचकों के लिए सावरकर सिर्फ एक अहंकारी व्यक्ति हैं, न कि उन्मूलनवादी, जो जाति विभाजन को हिंदू और भारतीय पहचान के लिए बाधक मानते थे, जो आक्रांताओं और साम्राज्यवादी अंग्रेजों द्वारा खंडित कर दिया गया था।

हिंदू एकता को अल्पसंख्यकों के लिए खतरा माना जाता है

भागवत और मोदी के एकता के आह्वान को भड़काना और अल्पसंख्यकों के लिए खतरा बताया जाता है। इसे 'सांप्रदायिक' माना जाता है, पर यह विडंबना ही है कि वही आलोचक ईरान के सभी मुसलमानों से इस्राइल के खिलाफ एकजुट होने के आह्वान को स्वीकार करते हैं। इसे कट्टरवाद, उकसावा या वर्चस्ववाद नहीं, बल्कि एकता का प्रदर्शन माना जाता है। क्या एकता का अधिकार कुछ खास धार्मिक समूहों या जातीय पहचानों के लिए आरक्षित है?

पीएम मोदी के भाषण को सराहना नहीं मिली

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा इस साल के प्रमुख कार्यक्रमों में रहा। इस कार्यक्रम में दिये गये प्रधानमंत्री के भाषण को समुचित सराहना नहीं मिली। उस भाषण को हिंदुओं और हिंदू विचारों के लिए समर्पित माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक मुद्दे- भारत की एकता और आगे का रास्ता- पर निरंतर बात की। पूरा भाषण देश के भविष्य के लिए विचारों और महत्वाकांक्षाओं से भरा था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके भाषण में हिंदू धर्म और उसके आदर्श गायब थे। उन्होंने समाज और देश की भलाई के बारे में बात करने में उन विचारों का उपयोग किया।

जब भी उन्होंने भगवान राम या रामायण या अयोध्या के संदर्भों का उपयोग किया, तो यह भगवान राम के संघर्षों और समाज की भलाई के लिए उच्च मूल्यों और आदर्शों पर खड़े होने के उनके अटूट आग्रह को उजागर करने के लिए एक प्रतीकात्मक अर्थ में था। प्रधानमंत्री मोदी ने न तो किसी को हिंदू बनने के लिए कहा और न ही उन्होंने केवल हिंदुओं से आह्वान किया। उनका आह्वान भारतीयों से था, और यह संक्षिप्त था- मजबूत भारत के लिए काम करें। फिर भी, उस भाषण को सांप्रदायिक बता कर उपहास किया गया, पर ईरान के धार्मिक नेता द्वारा मुसलमानों से एकजुट होने के आह्वान को प्रेरणादायक माना गया है।

कोई व्यक्ति धर्मनिरपेक्षता विरोधी हुए बिना भी हिंदू हो सकता है, क्योंकि हिंदू धर्म लेबल लगाने और खुद को बदलने के लिए मजबूर करने के बारे में नहीं है। यह सही मार्ग को प्रोत्साहित करता है। सभी इसका अनुसरण करने के लिए स्वतंत्र हैं। हिंदू धर्म में कोई अंतिम न्याय दिवस नहीं है, जिससे किसी को डरना पड़े। केवल अपने कार्य और अपनी कमियां ही कर्म के रूप में वापस आती हैं।

इस तरह, हिंदू धर्म भौतिक और अलौकिक सद्भाव के बारे में है। यह सही मार्ग पर चलने के बारे में है, जिसका अनुसरण धर्मनिरपेक्ष लोगों सहित गैर-हिंदू भी कर सकते हैं। हिंदू धर्म के लिए कोई बाहरी दुश्मन नहीं है, बल्कि खुद के अंदर ही दुश्मन है और सही रास्ते पर चलकर ही कोई उस दुश्मन पर विजय पा सकता है। यह समाज और देश के लिए एक अच्छी ताकत बन सकता है। हिंदुओं की एकता हथियारों का नहीं, बल्कि उच्च मूल्यों और स्वार्थ से परे एक राष्ट्र के रूप में एकीकृत होने का आह्वान है।

न शर्म न हया : संविधान की रोज हत्या.?

ओमप्रकाश मेहता

भारतीय आजादी के इस हीरक वर्ष में कभी 'विश्वगुरू' का दर्जा प्राप्त हमारा देश अब किसी का 'शिष्य' बनने के काबिल भी नही रहा है, यद्यपि हमारे भाग्यविधाता सत्तारूढ़ नेता विश्वभर में जाकर अपनी खुद की प्रशंसा करते नहीं थकते, किंतु वास्तव में हमारी स्थिति उस मयूर जैसी है जो प्रगति के बादल देखकर अनवरत् नाचता है और उपलब्धि के अभाव में बाद में आंसू बहाता है।

आजादी के बाद से हमारे देश में भी राजनीति के अलग-अलग दौर रहे है, जवाहरलाल के जमाने की राजनीति प्रगति की कल्पना पर आधारित थी तो इंदिरा जी के जमाने से सत्ता के लिए सब कुछ करने की राजनीति का दौर शुरू हो गया और उन्होंने अपनी कुर्सी की रक्षा के लिए आपातकाल जैसा कदम उठाया, किंतु आज की राजनीति उसे भी आगे निकल गई है और आज कुर्सी के खातिर संविधान को भी बख्शा नही जा रहा है और वह सब किया जा रहा है, जिससे कुर्सी बची रहे।

ज.लेकिन सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि आजादी के बाद से अब तक सब कुछ बदला किंतु राजनैताओं की सोच और मतदाता की समझ में कोई बदलाव नही आया, आज के राजनेता आजादी के पचहत्तर साल बाद भी चुनाव की उसी लीक पर चल रहे है जो प्रथम चुनाव के समय 1951 में देखी गई थी, आज भी राजनीति वादों और आश्वासनों पर टिकी है और आज के आम मतदाता को राजनेता उसी 1951 वाली नजर से ही देखते है और वैसा ही सलूक करते है, कभी प्रगति और विकास के नाम पर मांगे जाने वाले वोट आज धार्मिक नारों के आधार मांगें जा रहे है, सत्तापक्ष भाजपा यदि आज 'बंटेगें तो कटेगें' का नारा लगा रहा है तो प्रतिपक्षी दल 'जुड़ेगे तो जीतेगें' को अपनी जीत का माध्यम बना रहा है, यद्यपि सत्ता व प्रतिपक्ष के इन दोनों का मतलब एक ही है, किंतु दोनों का अपने नारों पर विश्वास अलग है, किंतु दोनों के नारों का लक्ष्य वही एक "कुर्सी'' है।

यहां सबसे दुःखद यह है कि हमारे संविधान में साफ-साफ लिखा है कि धर्म को राजनीति से बिल्कुल अलग रखेगें, किंतु आज धर्म और राजनीति का इतना समागम कर दिया है कि अब वोटरों के लिए धर्म और राजनीति दोनों को ही सही अर्थों में समझना मुश्किल हो रहा है, किंतु किया क्या जाए?

आज जब सत्ता की कुर्सी ही अहम् हो गई है और उसके लिए अपना सर्वस्व लुटा देने वाली राजनीति शुरू हो गई है, तो इसके सामने सभी तर्क और प्रयास गौंण हो गए है और सबसे अधिक चिंता और खेद की बात यह है कि हमारी नई पीढ़ी या भारत के भविष्य को भी इसी तरह की राजनीति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो चिंताजनक है। ज.और आज की सबसे बड़ी चिंता व फिक्रकी तो यह बात है कि सत्ता की घुरी अर्थात् देश के आम मतदाता को तो उसके भाग्य पर छोड़ दिया है और पांच साल में एक बार लुभावने नारों के साथ उसका द्वार खटखटाया जाता है और फिर उसे भगवान के भरोसे छोडक़र आज की राजनीति के भगवान आराध्य देव की तरह साल में केवल चार महीनें नही बल्कि चार साल के लिए मुंह ढंक कर गहरी निद्रा में खो जाते है, हमारे आम मतदाता अपने जीवन के हर क्षेत्र में चाहे निपुण हो गया हो, किंतु राजनीतिक सोच और राष्ट्रऊके प्रति कर्तव्य के मामले में आज भी शून्य ही है, हमारे मान्यवर राजनेताओं ने उसे अपनी व्यक्तिगत पारिवारिक उलझनों में ऐसा उलझा कर रखा कि उसे अपने कर्तव्य, दायित्व या अधिकारों के बारे में सोचने-विचारने का वक्त ही नही दिया, वह चौबीसों घण्टें अपनी नीति जिन्दगी की सोच में ही डूबा रहता है।

रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है?

ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी की ठोस समझ बनाने में कोई मदद नहीं मिली है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों के पीछे मकसद क्या है? बीते हफ्ते के आरंभ में वैश्विक गरीबी पर में विश्व बैंक की रिपोर्ट आई। सप्ताहांत में संयुक्त राष्ट्र ने इसी संबंध में अपनी रिपोर्ट जारी की। विश्व बैंक विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी स्थित ऑक्सफॉर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव पिछले कई वर्षों से गरीब लोगों की संख्या के बारे में अपना साझा अनुमान जारी कर रहे हैं। अपनी ताजा रिपोर्ट में उन्होंने भारत के बारे में कहा है कि यहां 23 करोड़ 40 लाख लोग चरम गरीबी में जी रहे हैं। विश्व बैंक ने ये संख्या 13 करोड़ 40 लाख बताई थी। ये दोनों आधिकारिक संस्थाएं हैं। इनके अलावा कुछ एनजीओ भी अपना अनुमान जारी करते हैं। उनसे भी अलग संख्या सामने आती है। ऐसी रिपोर्टें कई दशक से जारी हो रही हैं। इसलिए अब यह कहने का आधार है कि इनसे गरीबी को समझने या उससे लोगों को मुक्ति दिलाने के बारे में कोई ठोस सोच नहीं बनती है। उलटे भ्रम पैदा होता है। इसलिए अब यह सवाल उठाने का वक्त है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने के पीछे मकसद क्या है? उद्देश्य दुनिया में गरीबी खत्म करना है, तो फिर ये संस्थाएं न्यूनतम और भ्रामक पैमाने क्यों अपनाती हैं? नव-उदारवादी दौर के पहले एक मान्य फॉर्मूला व्यक्तियों को उपलब्ध कैलोरी होती थी। भारत में गांवों में जिन लोगों को रोजाना 2200 और शहरों में 2100 से कम कैलोरी उपलब्ध थी, उन्हें गरीब समझा गया था। अनेक गंभीर अर्थशास्त्रियों दिखाया है कि आज इस कैलोरी उपलब्धता से वंचित लोगों की संख्या तब से ज्यादा है। वजह यह है कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवहन जैसी सेवाओं का निजीकरण होने का बोझ लोगों की निजी आमदनी पर पड़ा है। इस कारण उन्हें अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ी है। इस बात के आधिकारिक आंकड़े हैं कि बहुत से गरीब लोगों ने अपने भोजन में कटौती की है। जबकि शिक्षा एवं इलाज जैसी अनिवार्यताओं पर बढ़े खर्च की गणना खर्च क्षमता में करके विश्व बैंक करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से उठा बता देता है। ऐसी ही विसंगतियां संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी हैं। फिर भी ऐसी रिपोर्टों का सिलसिला जारी है।

टीबी की वापसी क्यों?

टीबी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं। परिस्थितियां अनुकूल हैं, लेकिन नतीजा उलटा हो रहा है। यह कहानी कभी घातक बीमारी रह चुके ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की- ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024- के मुताबिक 2023 में 82 लाख लोग टीबी से संक्रमित हुए, जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद की सबसे बड़ी संख्या है। यह आंकड़ा 2022 में सामने आए 75 लाख नए मामलों से काफी अधिक है। इनके अलावा बड़ी संख्या की ऐसे लोगों के मौजूद होने का अनुमान है, जिनमें इस रोग का निदान नहीं हो पाया। अब डब्लूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम गेब्रियासुस की इस टिप्पणी पर गौर कीजिए- चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं। डब्लूएचओ ने अपनी रिपोर्ट जिक्रकिया है कि दवा-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) के मामलों में भी सुधार हुआ है। टीबी के सामान्य मामलों में इलाज की सफलता दर 88 फीसदी है, जबकि एमडीआर/आरआर-टीबी के मामलों में यह 68 फीसदी तक पहुंच गई है। फिर भी टीबी के मामले बढ़ रहे हैं। टीबी की वापसी से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में भारत प्रमुख है। भारत सहित मध्यम आय वाले ज्यादातर देशों में यह स्थिति स्वास्थ्य के निरोधक (प्रीवेंटिव) पहलू पर जोर घटने के कारण पैदा हुई है। हर सेवा के निजीकरण के दौर में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं रह गया है। डब्लूएचओ के मुताबिक लगभग 50 फीसदी मरीजों को इलाज के दौरान विनाशकारी खर्च का सामना करना पड़ता है। इसका अर्थ है कि उनका इलाज खर्च उनकी आय का 20 फीसदी से ज्यादा होता है। स्वाभाविक है कि रिपोर्ट में टीबी संबंधी सेवाओं के लिए फंडिंग की कमी का खास उल्लेख किया गया है। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में कहा गया था कि 2027 तक टीबी सेवाओं के लिए हर साल 22 बिलियन डॉलर जुटाए जाने चाहिए। 2023 में केवल 5.7 बिलियन डॉलर की फंडिंग उपलब्ध थी- यानी कुल जरूरत का सिर्फ 26 फीसदी। ऐसे में टीबी की वापसी कोई हैरत की बात नहीं है।

भारत की आर्थिक बदहाली

असल मुद्दा यह है कि आखिर भारतीय अर्थव्यवस्था में बाहरी कारोबार से प्रतिस्पर्धा एवं मुनाफा देने की क्षमता इतनी कमजोर क्यों बनी हुई है? इस प्रश्न का ठोस उत्तर नहीं ढूंढा गया, तो भारत की आर्थिक बदहाली बढ़ती ही जाएगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता इतनी कमजोर क्यों है कि हर व्यापार मुकाबले में वह पिट जाती है? देश सही दिमागी हालत में हो तो इस सवाल से उसकी नींद उड़ जानी चाहिए। बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से भारत को नुकसान की आशंका से ग्रस्त नरेंद्र मोदी सरकार ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) करार से अंतिम मौके पर खुद को अलग कर लिया था। तब हौव्वा बनाया गया कि ऐसा समझौते में शामिल अन्य देशों के रास्ते चीन की उत्पादों डंपिंग से बचने के लिए किया गया। उसके बाद मोदी सरकार ने द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों का रास्ता अपनाया। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन आदि से ऐसे करार हुए। ब्रिटेन सहित कई देशों से द्विपक्षीय समझौते पर बातचीत चल रही थी। मगर अब अचानक सरकार ने ऐसी सभी वार्ताओं पर विराम लगाने का फैसला किया है। वजह हाल के वर्षों में हुए सभी ऐसे समझौतों से भारत को हो रहे बड़े व्यापार घाटे को बताया गया है। साथ ही सरकार ने 2010 में आसियान से हुए करार का भी जिक्रकिया है, जिसकी वजह से भारत को लगातार व्यापार घाटा हुआ है।

वरुण तेज स्टारर फिल्म मटका का दूसरा सिंगल थस्सदिय्या रिलीज

मटका का गाना थस्सदिया रिलीज़ हुआ। आगामी तेलुगु फ़िल्म मटका का दूसरा सिंगल रिलीज़ हो गया है। थस्सदिया शीर्षक वाले इस गाने को प्रतिभाशाली जीवी प्रकाश कुमार ने संगीतबद्ध किया है, जो अपने ऊर्जावान और बहुमुखी संगीत के लिए जाने जाते हैं। भास्करभटला द्वारा लिखे गए बोल पुराने ज़माने की ज़िंदगी के सार को दर्शाते हैं, जो गाने में पुरानी यादें ताज़ा कर देते हैं। मनो की भावपूर्ण आवाज़ शब्दों को जीवंत कर देती है, जिसे रो विंसेंट ईएल फ़े चोइर के शक्तिशाली कोरस द्वारा पूरक बनाया गया है। मटका के मुख्य



अभिनेता वरुण तेज गाने के म्यूजिक़ वीडियो में ऊर्जावान और स्टाइलिश दिख रहे हैं। उनके डांस मूव्स देखने लायक हैं, जो पूरी तरह से उत्साहित करने वाली लय के साथ तालमेल बिठाते हैं। गाने का कुल मिलाकर माहौल ताज़ा और पुरानी यादों को ताज़ा करने वाला है, जो इसे दर्शकों के बीच तुरंत हिट बना देता है। मीनाक्षी चौधरी और नोरा फ़तेही भी फ़िल्म में अभिनय कर रही हैं, जो इसके स्टार-स्टडेड कलाकारों में शामिल हैं। अन्य उल्लेखनीय अभिनेताओं में नवीन चंद्रा, अजय घोष, कन्नड़ किशोर, रवींद्र विजय, पी रविशंकर और ए किशोर कुमार शामिल हैं, जो डीवीपी के रूप में कार्य करते हैं।

मराठी फिल्म रान्टी का टीजर रिलीज

इस साल आई फिल्म किल में हिंसक दृश्य कूट-कूटकर भरे गए। एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबे वाले दृश्यों को लेकर इसकी खूब चर्चा रही। अब इससे भी एक कदम आगे की एक फिल्म आ रही है। हालांकि, यह मराठी फिल्म है और नाम है, रान्टी। शरद केलकर अभिनीत इस फिल्म का टीजर जारी हो चुका है, जिसे संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जारी किया है। संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, फिल्म रान्टी का आधिकारिक टीजर। इस दशक में रिलीज हुई यह मराठी सिनेमा की सबसे दमदार फिल्म है। टीजर में शरद केलकर एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। मारधाड़ इतनी है कि सब एक-दूसरे का खून बहाते नजर आ रहे हैं। शरद केलकर ने भी फिल्म का टीजर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, लाल लाल खून और लाखों गुनाह... डेंजर हूं मैं, क्या समझ रहा है तू?

'कप्तान हमेशा जीतना चाहता है', रोहित शर्मा को लेकर बहुत बड़ी बात कह गए सूर्यकुमार यादव

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज में हारने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा आलोचकों के निशाने पर हैं। भारत को तीन या इससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में कभी भी अपने घर में क्लीन स्वीप नहीं होना पड़ा था। लेकिन न्यूजीलैंड ने ये काम कर दिया। इसके बाद से ही रोहित की कप्तानी को कोसा जा रहा है। लेकिन भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रोहित का समर्थन किया और जो बातें कही हैं उससे हिटमैन के आलोचकों को करार जवाब दिया है। भारत की टी20 टीम इस समय साउथ अफ्रीका दौरे पर है जहां कल से उसे चार

मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज का पहला मैच डरबन में शुक्रवार को खेला जाना है। मैच से पहले सूर्यकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया जहां उनसे रोहित की कप्तानी को लेकर सवाल किए गए। सूर्यकुमार ने कहा कि रोहित एक लीडर हैं जिनसे उन्होंने काफी कुछ सीखा है। सूर्यकुमार ने कहा कि क्रिकेट में अच्छे-बुरे दिन आते रहते हैं। उन्होंने कहा, "खेल में जीत-हार होती रहती हैं। हर कोई कड़ी मेहनत करता है और जीतना चाहता है। कई बार सफलता मिलती है तो कई बार नहीं मिलती। मैंने ये बात उनसे ही सीखी है। जीवन में संतुलन होना बहुत जरूरी है। मैंने अच्छे या बुरे समय बाद उनके कैरेक्टर को बदलते नहीं देखा है। मैंने उन्हें एक खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर आगे बढ़ते हुए देखा है।" सूर्यकुमार ने कहा, "लीडर ये फैसला करता है कि टीम किस फॉर्मेट में कैसे खेलना चाहती है।

सिंघम अगेन पर मां लक्ष्मी की हुई कृपा, बंपर हुई ओपनिंग, अजय देवगन की हाईएस्ट ओपनर बनी फिल्म

इस दिवाली रोहित शेट्टी ने अपने कॉप यूनिवर्स की मोस्ट अवेटेड किस्त सिंघम अगेन रिलीज़ की. अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और अन्य सितारों से सजी इस मल्टी-स्टारर फिल्म का कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 से क्लैश हुआ है. हालांकि सिंघम अगेन को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल है और दिवाली के मौके पर रिलीज इस फिल्म पर लक्ष्मी मां ने भी अपनी पूरी कृपा बरसाई है. इसी के साथ फिल्म की जबरदस्त शुरुआत हुई है. चलिए यहां जानते हैं सिंघम अगेन ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन

किया है. नौ स्टार्स की पावर और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस वाली फिल्म सिंघम अगेन का रिलीज से पहले ही काफी हाईप क्रिएट हो गया था. फिर टीम और स्टार कास्ट ने भी इसके प्रमोशन में कोई कोर- कसर नहीं छोड़ी जिसके चलते फैंस में फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज था और इसी के साथ इसकी धुआंधार एडवांस बुकिंग हुई थी. फिल्म ने प्री टिकट सेल में गी 15 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था. वहीं दिवाली के मौके पर रिलीज इस फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ भी उमड़ पड़ी और इसकी के साथ सिंघम अगेन ने बंपर ओपनिंग की है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन ने रिलीज के पहले दिन 43.50 करोड़ रुपये की भारी कमाई की है.

पृथ्वी शॉ के बुरी हालत देख ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को आई दया

नई दिल्ली। भारत ने साल 2018 में पृथ्वी शॉ की कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद शॉ को भारत का अगला सुपर स्टार बताया जाने लगा था। शॉ ने टीम इंडिया के लिए डेब्यू भी किया और पहले ही टेस्ट मैच में शतक ठोक दिया। लेकिन फिर शॉ धीरे-धीरे फॉर्म से बाहर होते चले। टीम इंडिया से भी वह बाहर हो गए और अब मुंबई टीम से भी उन्हें बाहर कर दिया गया है। शॉ की ये हालत देख पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ग्रैग चैपल को उन पर दया आ गई है। चैपल ने कहा है कि वह जरूरत पड़ने पर शॉ की मदद करने को तैयार हैं। चैपल वो शख्स हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट में विलेन समझा जाता है। वह टीम इंडिया के कोच रह चुके हैं और उनके आने के बाद से भारत ने क्रिकेट की दुनिया में सबसे बुरा दौर देखा था। चैपल 2005 से 2007 तक टीम इंडिया के कोच रहे। इस दौरान सौरव गांगुली को अपनी कप्तानी छोड़नी पड़ी। चैपल पर टीम में फूट डालने के आरोप लगे।

मुंबई ने इतिहास रचने वाली खिलाड़ी को किया रिलीज

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद अब बारी विमंस प्रीमियर लीग के रिटेंशन की थी। डब्ल्यूपीएल की सभी पांच फ्रेंचाइजियों को आज पांच बज तक अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी थी। मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस ने अपनी कप्तान हरमनप्रीत कौर को रिटेन किया लेकिन लीग में इतिहास रचने वाली खिलाड़ी को बाहर का रास्ता दिखाया है। इसी तरह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स ने भी अपनी-अपनी कप्तानों को रिटेन किया है। बेंगलुरू ने एक बड़ा ट्रांसफर भी किया है। पिछले सीजन यूपी वॉरियर्स की तरफ से खेलने वाली डैनी व्याट इस सीजन आरसीबी की तरफ से खेलेंगी। नियम के मुताबिक एक टीम 18

खिलाड़ियों की टीम बना सकती है जिसमें अधिकतर छह विदेशी खिलाड़ी हो सकते हैं। इस साल ऑक्शन पर्स 15 करोड़ रुपये होगी। नीलामी की तारीखों के बारे में अभी खुलासा नहीं हुआ है। आपको बताते हैं किस टीम ने किन खिलाड़ियों को रिटेन किया है और किन्हें रिलीज किया है।

मुंबई इंडियंस

पिछले साल खिताब जीतने वाली टीम ने चार खिलाड़ियों को रिलीज किया है। कप्तान हरमनप्रीत सहित नेट सिवर ब्रंट, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

रिटेन खिलाड़ी- अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनीम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, कीर्तन बालाकृष्णन.

एक नजर

चरस के साथ दो गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने 70.5 ग्राम चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर ने बताया कि गुरुवार को पुलिस टीम बीईएल रोड में गश्त कर रही थी। इसी दौरान लकड़ीपड़ाव निवासी मोनिश व उत्तर प्रदेश किरतपुर निवासी उमेश कुमार संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनकी जेब से चरस बरादम हो गई। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदाकिनी हाउस रहा विजेता

श्रीनगर गढ़वाल : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में गुरुवार को जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। अलकनंदा, सरस्वती, भागीरथी और मंदाकिनी सदन के बीच रही चैस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सरस्वती हाउस से कक्षा आठ की छात्रा अक्षिता ने प्रथम स्थान, अलकनंदा हाउस से कक्षा छः की छात्रा परिधि ने द्वितीय स्थान व भागीरथी हाउस से कक्षा आठ की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदाकिनी हाउस प्रथम, अलकनंदा हाउस द्वितीय व सरस्वती हाउस तृतीय स्थान पर रहे। कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग में भागीरथी हाउस से कक्षा आठ के सुधांश डिमरी व हैप्पी रावत प्रथम स्थान पर रहे, मंदाकिनी हाउस से कक्षा आठ के सोमेश नौटियाल व सचिन महर द्वितीय व अलकनंदा हाउस से कक्षा आठ के आरव बुटोला व शिवांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मंदाकिनी हाउस से कक्षा सात की अक्षिता व कक्षा छः से आंचल ने प्रथम स्थान, अलकनंदा हाउस से कक्षा छः की अंशिका व परिधि ने द्वितीय स्थान व भागीरथी हाउस से कक्षा आठ की खुशी व खुशी पोखरियाल तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर कमल प्रकाश नौटियाल, देवेंद्र कुमार भट्ट, मिनाक्षी भंडारी, प्रीति नौटियाल, दिगपाल सिंह चौहान, सहित उनियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

मंदिर समिति की पूर्व कार्यकारिणी रहेंगी यथावत

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के आराध्य देवता कोटेश्वर महादेव मंदिर समिति की गुरुवार को मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से समिति की पूर्व कार्यकारिणी को यथावत रखने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार जब तक मंदिर का भव्य निर्माण नहीं हो जाता तब तक लुदरी दत्त नौटियाल अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। नौटियाल ने अपनी पैतृक 4 नाली भूमि मंदिर समिति को दान देने की घोषणा भी की। बैठक में मंदिर के पास एक अतिथि गृह के निर्माण पर भी चर्चा हुई। एक स्वर में मंदिर तक सड़क पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मंदिर समिति में मातबर सजवाण सचिव, सुरेश रावत कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर पैन्यूली प्रवक्ता, लेखपाल राणा सहित सभी पूर्व पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को यथावत रखा गया है। (एजेंसी)

विज्ञान महोत्सव में अक्षित दिखायेगा प्रतिभा

चमोली : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जनपदीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन अटल उत्कृष्ट राइका गोपेश्वर में किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के उप-विषय संचार एवं परिवहन के जूनियर वर्ग में अक्षित कुंवर ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बाल वैज्ञानिक अक्षित कुंवर के मार्ग दर्शक गणित विषय के शिक्षक प्रभात रावत ने बताया कि छात्र अक्षित के विज्ञान प्रदर्शनी का शीर्षक आधुनिक एवं स्मार्ट हैलमेट का निर्माण करना रहा। छात्र अक्षित आठ नवम्बर से जनपद देहरादून में होने वाले डॉ. एपीजे राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव प्रतियोगिता में जनपद चमोली का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सुकून पर लगा ग्रहण, बदहाल हुआ पार्क

●सिद्धबली के समीप लाखों की लागत से किया गया पार्क का जीर्णोद्धार ●पार्क में पड़े पत्थर व झाड़ियों की चपेट में आने से चोटिल हो रहे बच्चे

कोटद्वार में श्री सिद्धबली मंदिर के समीप बदहाल स्थिति में पड़ा पार्क

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सिद्धबली मंदिर के समीप स्थित वन विभाग का पार्क देख-रेख के अभाव में बदहाल हो गया है। जबकि, वर्ष 2021 में कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग ने लाखों के बजट से पार्क का जीर्णोद्धार करवाया था। ऐसे में सिद्धबली आने वाले पर्यटक व शहरवासियों को पार्क में सुकून नहीं मिल पा रहा है।

वर्ष 2021 में दस लाख रुपये की लागत से विभाग ने पार्क का जीर्णोद्धार करवाते हुए झूले की मरम्मत, पार्क में गमले, टाइल्स बिछाने के साथ ही मनमोहक फूल व घास लगाई थी। निर्णय लिया गया था कि मंदिर के समीप स्थित इस पार्क को बेहतर तरीके से रखने के साथ ही समय-समय पर इसका सौदर्यीकरण भी किया जाएगा। सौदर्यीकरण तो हुआ नहीं लेकिन, जो पार्क कि स्थिति थी वह भी बिगड़ गई है। पार्क में लगाए गए अधिकांश झूले व अन्य सामान टूट चुके हैं। शरारती तत्वों ने पार्क से गमलों को भी चोरी कर दिया है। पार्क के चारों ओर झाड़ियां उग चुकी हैं। दो दिन पूर्व झूला टूटने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल होते-होते बच गया। शाम ढलते ही पार्क में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है।

बीमारियों का खतरा

पार्क के जीर्णोद्धार के दौरान उसमे पानी का फव्वारा भी बनाया गया था। हालांकि यह फव्वारा एक दिन भी नहीं चला। लेकिन, वर्तमान में फव्वारे में भरे बरसात के पानी से डेंगू सहित अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। जबकि, पार्क में कई पर्यटक बच्चों के साथ पेड़ के नीचे बैठने के लिए पहुंचते हैं। क्षेत्रवासी कई बार वन विभाग से पार्क की स्थिति में सुधार की मांग उठा चुक हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

बॉबी पंवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर क्षेत्रीय जनों रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि सरकार में नौकरशाही पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर युवा नेता बाबी पंवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि स्थिति देखकर लगता है कि प्रदेश में नौकरशाही हावी होती जा रही है। कहा कि प्रदेश की जनता इस कार्रवाई का विरोध करती है। यदि बॉबी पंवार पर दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो आम जनता आंदोलन को मजबूर होगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद सूरज प्रसाद कांति, दीपक रावत, राजेश रावत, श्वेता नेगी आदि मौजूद रहे।

ऊंची कूद प्रतियोगिता में आर्यन चौहान रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जयहरीखाल विकासखंड के अंतर्गत राजकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय बूचाखाल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान ऊंची कूद प्रतियोगिता में आर्यन चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सर्वेंद्र कुकरेती व प्रधानाचार्य मधुसूदन हिंदवाण ने किया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। आज कई युवा खेल के क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को धावक अंकिता ध्यानी का उदाहरण भी दिया। कहा कि पहाड़ से निकली एक बेटी ने अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। इस दौरान बालक अंडर-14 ऊंची कूद में आर्यन चौहान, गोला फेंक में अनुराग, लंबी कूद में हिमांशु रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 60 मीटर दौड़ में प्रतीक, आयुष व सूरज, छह सौ मीटर दौड़ में अंशु, देवांग व अनिकेत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में सुहाना व आकृति, छह सौ मीटर दौड़ में प्रज्ञा व प्रियांशी प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद बालिका वर्ग में तनीषा प्रथम व शिया द्वितीय, अंडर-17 बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में अनिरुद्ध चौहान, बालिका वर्ग में अनीसा प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर चिकित्साधिकारी दीवान सिंह, मनोज जुयाल, शिवानी, अंजली, रोहित कठैत, देवेश्वरी रावत, अशोक रावत, मनीष सिंह, अतुल आदि मौजूद रहे।

विपुल भंडारी अध्यक्ष व चंद्रमोहन रावत बने मंत्री

आयोजित गोष्ठी में शपथ लेते नवनियुक्त पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड राज्य प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन की शाखा जयहरीखाल की गुरुवार को शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के पश्चात प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जयहरीखाल के चुनाव भी संपन्न कराए गए। गोष्ठी में वक्ताओं ने सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार को ठोस नीति बनानी होगी। पहाड़ के सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। वहीं शिक्षा में आ रही नई चुनौतियों का सामना भी शिक्षकों को करना पड़ रहा है। तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी जयहरीखाल अमित कुमार चंद एवं राजकीय इंटर कॉलेज सारी के प्रधानाचार्य अनिल मैंदोला की देखरेख में प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जयहरीखाल के चुनाव कराए गए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर विपुल भंडारी लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए। उन्हें 87 एवं उनके प्रतिद्वंदी सुबोध कुमार काला को 27 वोट मिले। मंत्री पद पर चंद्र मोहन सिंह रावत को 80 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी सतीश कुमार को मात्र 33 वोट पर संतोष करना पड़ा।

उपाध्यक्ष पद पर जसपाल असवाल ने अनिल कोटनाला को हराया। संयुक्त मंत्री पद पर रविंद्र रावत और प्रचार मंत्री पद पर मुक्ता रावत विजयी रही।

पेंशन विसंगतियां दूर नहीं होने पर भड़के पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार आंदोलन करने के बाद भी पेंशन विसंगतियां दूर नहीं होने पर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व सैनिकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करना चाहिए।

गुरुवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व सैनिक तहसील परिसर में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। महेंद्र पाल सिंह रावत ने केंद्र सरकार पर पूर्व सैनिकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। कहा कि वन रैंक-वन पेंशन लागू होने के बाद भी पूर्व सैनिकों को उनका हक नहीं मिल रहा है। पूर्व सैनिकों के ग्रेड-पे या पे-बैंड को संशोधित किया जाना चाहिए। पेंशन फैक्टर सभी वर्गों के लिए समान किया जाना चाहिए। अन्य पदों के लिए भी एक अलग से वेतन आयोग गठित किया जाए। बलिदानी सैनिकों के स्वजनों व वीरनारियों की पेंशन समान होनी चाहिए। दिव्यांगता पेंशन में सुधार करने की आवश्कता है। उन्होंने पूर्व सैनिकों पर हमला किए जाने व उन्हें अपमानित करने का भी आरोप लगाए। कहा कि आए दिन देश में पूर्व सैनिकों को निशाना बनाया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी करनी चाहिए। इस मौके पर देवेंद्र सिंह बिष्ट, अनुसुया प्रसाद सेमवाल, सूरवीर खेतवाल, ठाकुर सिंह, प्रभाकर जखमोला, जीत सिंह भंडारी मौजूद रहे।

कोटद्वार में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक

डीएम ने किया स्वजल, उद्यान, कृषि विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण

जिला उद्यान अधिकारी को मिली वार्षिक प्रतिकूल प्रविष्टि

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने विकास भवन स्थित स्वजल, उद्यान, कृषि विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। विकास भवन के भूतल पर नाले में पसरी गंदगी, पानी की बोतले व कूडे को देखते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित नजदीकी कार्यालयाध्यक्ष का चालान काटने के निर्देश दिये हैं।

स्वजल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन की योजनाओं के थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन (टीपीआई) हेतु निर्धारित उन फर्मों को अधिक योजनाएं आवंटित हो रही है, जो योजनाओं को पास करने में हिलाहवाली कर रहे हैं। जबकि टीपीआई हेतु उन फर्मों को योजनाएं कम आवंटित हो रही है, जो योजनाओं को समयानुसार स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह संशय की स्थिति है जिसे स्पष्ट करने के लिए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत को जांच के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि जांच में किसी प्रकार की गढ़बडी सामने आती है तो स्वजल कार्यालय के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने स्वजल कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली के प्रति गहरी नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन मोड पर चल रही जनहित से जुड़ी इस योजना में धीमी गति से कार्य किया जाना चिंताजनक है। उन्होंने परियोजना प्रबंधक स्वजल को जेजेएम की योजनाओं की टीपीआर में देरी पर कड़ी फटकार गलाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। कृषि विभाग के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अग्निशमन यंत्र को दुरुस्थ नहीं रखने पर सम्बंधित कर्मचारी का स्पष्टीकरण तलब करने के साथ ही कार्यालय के प्रवेश द्वार के ठीक सामने रखे लकड़ी के बड़े बोर्डस को प्रथमिकता से हटाने या उपयोग में लाने के निर्देश दिये है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, पीएम स्वजल दीपक रावत आदि उपस्थित थे।

डीएम डॉ. आशीष चौहान निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी करेंगी व्यापारी हितों के लिए काम

नई टिहरी : उद्योग व्यापार मंडल चंबा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम टिहरी ने संगठन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने व्यापारियों हितों के लिए काम करने का संकल्प लिया। गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल चंबा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह वीसी गबर सिंह चौराहे में संपन्न हुआ। संगठन के संरक्षक शशि भूषण भट्ट, अध्यक्ष बलबीर पुंडीर, सचिव धीरज रावत, कोषाध्यक्ष अमित चौहान समेत कार्यकारिणी सदस्यों को उप जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा व्यापारी शहर में स्वच्छता और जाम की समस्या से निजात दिलाने में प्रशासन का सहयोग करें। अध्यक्ष बलबीर पुंडीर ने कहा कि संगठन का जो लोगो तैयार किया गया है, उसको व्यापारियों के वाहन व दुकानों पर लगाया जाएगा।

नाबालिग के विवाह संबंधी मामले में मां व बेटे हुए दोषमुक्त

जयन्त प्रतिनिधि । कोटद्वार : नाबालिग के विवाह संबंधी एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मां व बेटे को दोषमुक्त करार दिया है। मामला सितंबर-2015 का है।

तीन सितंबर 2015 को भाबर क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर देते हुए स्वयं की उम्र 15 वर्ष बताया। किशोरी का आरोप था कि उसकी मां ने पैसों की खातिर उसे बिजनौर निवासी एक युवक को बेच दिया। उसका कहना था कि वह किसी तरह युवक के चंगुल से भागकर वापस घर पहुंची। लेकिन, उसकी मां ने पुनः उसे नशीला पदार्थ खिला बेहोशी की हालत में उक्त युवक के घर छोड़ दिया। किशोरी का कहना था कि रक्षा बंधन पर वह उक्त युवक के साथ घर वापस आई व तहरीर देने को घर से चुपचाप बाहर निकल आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के बाद पुलिस ने जनपद बिजनौर के अंतर्गत थाना धामपुर के अंतर्गत ग्राम शेखपुरा निवासी ऋषिपाल उर्फ शोलू और मुनेश देवी को आरोपित बताया। जिसके बाद पांच नवंबर 2015 को ऋषिपाल और चार अप्रैल 2016 को मुनेश देवी ने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि, बाद में दोनों को जमानत मिल गई। पुलिस ने 10 मई 2023 को मामले में आरोप पत्र दाखिल किए। जिसके बाद से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनूप खंतवाल ने बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से दो गवाह प्रस्तुत किए गए। लेकिन, अभियोजन पक्ष आरोपों को सिद्ध करने में नाकाम रहा। जिसके बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ऋषिपाल व मुनेश देवी को दोषमुक्त करार दिया।

जिला मुख्यालय में राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

तीन दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 6 जनपदों के 105 बालक और बालिकाएं करेंगी प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला प्रशासन के सहयोग और खेल विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित कंडोलिया मैदान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-10, 15 और 20 आयु वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने टारगेट पर तीर कमान से निशाना लगाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डीएम ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। यह पहला अवसर है जब जनपद में तीरंदाजी जैसी रोमांचक खेल विधा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नैनीताल, उधमसिंहनगर, पौड़ी, अल्मोड़ा, देहरादून और हरिद्वार सहित कुल 6 जनपदों के 105 बालक और बालिकाएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने खुद तीरंदाजी का प्रदर्शन कर सभी प्रतिभागियों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है और वे एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस अवसर पर खेल विभाग के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। साथ ही आर्चरी की बारीकियों से भी रूबरू कराया। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष राज्य क्रीड़ा परिषद/तीरंदाजी के वर्तमान संरक्षक जसपाल नेगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान, निर्णायक रमेश सेमवाल, सचिन, हेम सिंह, विजय मेहरा, सोमनाथ रघुवंशी सहित खेल प्रतिभागी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

श्री राधा कृष्ण मंदिर को यूपी सरकार एक करोड़ से संवारेगी

चमोली : बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अधीन लखनऊ स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के विकास में योगी सरकार एक करोड़ की धनराशि खर्च करेगी।

यूपी के पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर समिति को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने गुरुवार को बताया श्री राधा कृष्ण मंदिर के विकास में सहयोग देने के लिए बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। लखनऊ के अमीनाबाद में बीकेटीसी के स्वामित्व वाला एक प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर और भवन है।

सालों से इनकी समुचित देखरेख नहीं होने के कारण ये जीर्णशीर्ण स्थिति में पहुंच गए हैं।

100 मी. दौड़ में करन, सोनाक्षी ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गुरुवार से रांसी मैदान में ब्लाक स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता के प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ी जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। गुरुवार को रांसी मैदान में आयोजित खेल महाकुंभ के तहत अंडर-14 बालक 60 मीटर दौड़ में वेदांश नेगी पहले, दीपक रावत दूसरे, अनमोल सिंह तीसरे, बालिका में दिव्यांशी पहले, चांदनी दूसरे व वर्षा तीसरे स्थान पर रही। 600मीटर दौड़ के बालक वर्ग में ऋषभ ने पहला, आदित्य ने दूसरा, सूजल ने तीसरा, बालिका में दिव्यांशी ने पहला, शालिनी ने दूसरा व साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डी0एल0 नं0- UK-0520100001661 में मेरा नाम देवेन्द्र सिंह तथा मेरे पिताजी का नाम दरवान सिंह दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम देवेन्द्र सिंह पुन्डीर तथा पिताजी का नाम दरवान सिंह पुन्डीर है, जो कि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में अंकित है।

अतः मेरे मेरे डी0एल0 नं0- UK-0520100001661 में मेरा सही व वास्तविक नाम देवेन्द्र सिंह पुन्डीर तथा पिताजी का नाम दरवान सिंह पुन्डीर दर्ज किया जाये।

देवेन्द्र सिंह पुन्डीर पुत्र दरवान सिंह पुण्डीर निवासी श्री गुरू राम राय पब्लिक विद्यालय के पास लालपानी पल्ली, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0540/21)

बैकुंठ चतुर्दशी मेले की तैयारियां समय से पूरा करें : डीएम

14 नवम्बर से शुरू होगा श्रीनगर बैकुंठ चतुर्दशी मेला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीनगर में होने वाले बैकुंठ चतुर्दशी मेला-2024 के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में संबंधी अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यह मेला 14 नवम्बर से शुरू और 20 नवम्बर को समाप्त होगा।

बुधवार देर सायं को जिलाधिकारी ने श्रीनगर में बैकुंठ चतुर्दशी मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रोग्राम, प्रतिदिन मेले में आने वाले अतिथियों सहित अन्य कार्यक्रमों का रोस्टर समय से तैयार करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी श्रीनगर को कहा कि मेले में आने वाले अतिथियों के लिए आमंत्रण पत्र समय से दें। उन्होंने पर्यटन विभाग को कहा कि मेले के दौरान राफ्टिंग, हॉट एयर बेलून व अन्य एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों को शामिल करें। उन्होंने मेले में विभागीय स्टॉल लगाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने मेले में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। ताकि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुंवर, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, एआरटीओ एन.के. ओझा सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा मिल्क स्टाल कि पांच वर्ष के ठेके की निविदा E- Tendering (www.ireps.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

S N	Station Name & Code	Category of Station	PF No	Location	Cost of Bid document (In Rs.) Including GST @ 18% (in Rs.)	Reserve Price for 1st Year (In Rs.)	Earnest Money (in Rs.)	Date & Time submission of Bid & Website
1	BAREILLY (BE)	A-1	1	Between TNC & C & W office	2,950	1,16,480	60,600	निविदा दिनांक 28/11/2024 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएगी जो उसी दिन खोली जाएगी
2	CHANDAUSI	A	1	Near GRP	2,950	74,517	38,800	
3			2/3	CENTRE Near Ex P shed	2,950	73,458	38,200	
4	Hapur (HPU)	A	1	Opp HI Off.	2,950	76,796	40,000	
5			2/3	Opp HI Off.	2,950	75,684	39,400	
6	Laksar (LRJ)	B	1	NEAR FOB	2,950	74,880	39,000	
7			2/3	NEAR P CAGE	2,950	73,216	38,100	
8	Roorkee (RK)	A	1	Near VIP Room	2,950	1,14,816	59,800	
9	Najibabad (NBD)	B	1	Near CMI off.	2,950	58,989	30,700	
10	Hardoi (HRI)	A	1	Near CGS off.	2,950	70,119	36,500	
11			2/3	Near Parcel Cage	2,950	69,006	35,900	
12	Amroha (AMRO)	B	2/3	NEAR FOB	2,950	56,763	29,600	

स–वी/20मिल्क स्टाल/मुरा0/2022 सी दिनांक: 06.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3454/24

एक नजर

डॉ. काला बनें घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी के निदेशक के इस्तीफे के बाद कॉलेज में ही तैनात डॉ. वीएन काला को इस पद का जिम्मा सौंपा गया है। डॉ. काला इससे पहले 28 मई 2023 से आठ अक्तूबर तक कॉलेज के प्रभारी निदेशक पद पर रह चुके हैं। इस बीच में इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए स्थाई निदेशक का चयन करते हुए प्रो. आकाश सक्सेना को इसका जिम्मा दिया गया था, लेकिन प्रो. सक्सेना ने बीती नौ अक्तूबर को कॉलेज में निदेशक का चार्ज लेने के बाद ही अगले दिन अपना इस्तीफा सचिव तकनीकी शिक्षा को भेज दिया था। इसके बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। 24 अक्तूबर को शासन ने कॉलेज के निदेशक पद के लिए ऑनलाइन 13 प्रोफेसरों का साक्षात्कार लिया। इसके बाद शासन ने कॉलेज के ही वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. वीएन काला को प्रभारी निदेशक का चार्ज सौंपा दिया।

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन दी आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने निगम और कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आक्रोश जताया है। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो कर्मचारी 26 नवंबर से मंडलीय कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। मंडलीय प्रबंधक को दिए पत्र में क्षेत्रीय मंत्री केपी सिंह ने देहरादून मंडल को मिली 23 नई बसों को उत्कृष्ट काम करने वाले ड्राइवर-कंडक्टरों को आंवटित करने की मांग की है, इसके लिए कमेटी गठित की जाए। इसके साथ ही बेहतर काम करने वाले अस्थायी कंडक्टरों को वॉल्वो बसों से हटाने का विरोध किया। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 25 नवंबर तक उनकी 14 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होता है तो कर्मचारी 26 नवंबर से मंडलीय कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

नई कंपनी के आने तक काम छोड़ा तो ब्लैक लिस्ट होगी कंपनी

देहरादून। नगर निगम क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य से हटाई गई दो कंपनियों को नई कंपनी के आने तक कूड़ा उठान का काम करना होगा। यदि कंपनी इससे पहले काम छोड़ती है तो कंपनियों की जमानत राशि 85 लाख रुपये जब्त की जाएगी। इसके साथ ही कंपनियों को ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। दून नगर निगम ने बुधवार को डीएम और प्रशासक सविन बंसल के निर्देश पर डोर-टू-डोर कूड़ा उठा रही वाटरग्रेस और इकॉन कंपनियों को हटाकर इनकी जगह किसी अनुभवी कंपनी को काम सौंपने का निर्णय लिया। यह कंपनियां लगातार सफाई कार्यों में लापरवाही बरत रही थी। नोटिस के साथ ही जुर्माना भी लगाया, लेकिन सुधार नहीं हुआ। डीएम सबिन बंसल ने कहा कि अब तक इन कंपनियों पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है, बावजूद काम में सुधार नहीं हुआ, जिस पर कंपनियों को हटाने का निर्णय लिया गया। डीएम ने नगर निगम को नई कंपनियों के चयन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून और पिथौरागढ़ की जीत

देहरादून। खेल विभाग की ओर से राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंडर-19 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून और स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ ने अपने-अपने मुकाबले जीते। पवेलियन ग्राउंड में गुरुवार को मैच खेले गए। जिला क्रीड़ा अधिकारी रविंद्र भंडारी ने बताया कि पहला मैच महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून और चंपावत के बीच हुआ। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज ने 04-0 के अंतर से जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर से आशीष ने 02, आर्यन और राहुल ने 01-01 गोल किया। दूसरा मैच स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ और देहरादून के मध्य खेला गया, इसमें पिथौरागढ़ 01-0 से विजयी रहा। पिथौरागढ़ के लिए लवराज ने गोल किया। तीसरे मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल हल्द्वानी को पिथौरागढ़ ने 01-0 से शिकस्त दी। पिथौरागढ़ की ओर से प्रियांशु ने गोल किया। वहीं, चौथे मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल देहरादून ने टिहरी गढ़वाल को 06-01 के बड़े अंतर से हराया। स्पोर्ट्स हॉस्टल की ओर से अमन ने 02 गोल, आलोक, कुणाल, साहिल, नितिन ने 01-01 गोल किया।

राज्य में प्रवासी उत्तराखंड परिषद का होगा गठन : धामी

दून विश्वविद्यालय में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में ह्लप्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलनह्व में सभी प्रवासी उत्तराखंड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य में प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की माटी से जुड़े हुए प्रवासियों ने शिक्षा, अनुसंधान, ब्यूरोक्रेसी, फिल्म निर्माण, उद्योग, व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान उत्तराखंड से हैं। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस विपिन रावत भी इसी भूमि से थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति अपने आप में विशिष्ट है। हमारे प्रवासी देश के विभिन्न राज्यों में अपनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में उन्हें देश के अनेक राज्यों में पर्वतीय समाज के लोगों से मिलने का अवसर मिला और उन्होंने महसूस किया कि हमारे प्रवासियों के भीतर बसा उत्तराखंड सदैव उनके साथ रहता है। उन्होंने उत्तराखंड की भाषा, संस्कृति और संस्कारों को कभी नहीं छोड़ा। यह प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन सभी को उत्तराखंड की मिट्टी से पुनः जोड़ने का एक प्रयास है। यह ऐसा समागम है जहां सभी प्रवासी भाई बहन न सिर्फ राज्य के अधिकारियों के साथ संवाद कर सकेंगे बल्कि उन्हें विभिन्न राज्यों में निवासरत अन्य उत्तराखंडी प्रवासियों से भी मिलने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यहां से निकलने वाला संदेश लाखों उत्तराखंडी प्रवासियों तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंड़ियों को प्रदेश की विभिन्न जानकारियां उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से एक डेडीकेटेड वेबसाइट भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासियों से अपील की कि कम से कम वर्ष में एक बार अपने गांव और पैतृक घर पर जरूर आएं और अपनी-अपनी विशेषज्ञता के हिसाब से अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दें।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधायक विनोद चमोली, प्रवासी उत्तराखंडी और मेयर लखनऊ श्रीमती सुषमा खरकवाल, प्रवासी उत्तराखंडी और अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, प्रवासी उत्तराखंडी और भारत सरकार में सचिव वाणिज्य सुनील बर्थवाल, प्रवासी उत्तराखंडी और राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत, विधायक बंशीधर भगत, किशोर उपाध्याय, श्रीमती सविता कपूर, विधायक एवं प्रवासी उत्तराखंडी सुरेन्द्र मैठाणी, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अनेक संख्या में आये प्रवासी उत्तराखंडी और शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की सहभागिता से होगा विकास

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : विकासखंड एकेश्वर के सभागार में पंचायत सत्र की अंतिम बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपलिलाधिकारी अनिल चिनियाल द्वारा समस्त जन प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सहभागिता से ही विकास हो सकता है। वहीं जिला विकास अधिकारी ने समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यकाल बेहद दुबिधाओं भरा रहा है। परंतु कोरोना काल में ग्राम प्रधानों द्वारा किए गए सहयोग को सदा याद किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्यकाल विकास के नए आयामों को छू पाया है। प्रधान संघ के अध्यक्ष पंकज पोखरियाल ने कहा कि कार्यकाल की शुरुवात ही कांटो भरे ताज से हुई थी। परंतु हम सभी ने मिलकर कोरोना काल का मिलकर सामना किया। इस अवसर पर सभी जन प्रतिनिधि और अधिकारी भावुक नजर आए। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित जल संस्थान, बाल विकास, राजस्व आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर से मायूस लौटे दिव्यांग और परिजन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बहुउद्देशीय शिविर में दिव्यांगों के प्रमाण पत्र न बनने से दिव्यांग और उनके परिजन मायूस होकर घर लौट गये। परिजनों का कहना है कि जब उन्हें अपने पाल्यों को जांच कराने के लिए बाहर ही ले जाना है तो इस प्रकार के शिविर लगाने का कोई फायदा नहीं है। इस तरह से यह शिविर मात्र खानापूर्ति के लिए लगाए जा रहे है।

गुरूवार को कल्जीखाल ब्लॉक परिसर में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में दिव्यांग सुमित कुमार ग्राम सूरलगांव और दिव्यांग नवीन ग्राम डुंक असवालस्यूं पट्टी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंचे, लेकिन दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनने से वह मायूस होकर वापस घर लौट गये। सुमित के पिता राजेंद्र कुमार और नवीन के भाई ने बताया कि वह गाड़ी बुक करवाकर आए थे, ताकि उनके बेटे का प्रमाण पत्र सकें, लेकिन उन्हें डॉक्टरों ने पहले बाहर दिखाने को कहा। ग्राम प्रधान सुराल गांव रघुवीर रावत ने कहा कि जब दिव्यांगों को बाहर दिखाना है तो इस शिविर का क्या औचित्य है।

सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : 9 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम सादगी से मनाये जाएंगे। कहा कि अल्मोड़ा जिले के मर्चुला में बीते सोमवार को हुए बस हादसे के कारण मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रामलीला मैदान में सादगी के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कहा कि 8:30 बजे एजेंसी चौक शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और 10 बजे से रामलीला मैदान में अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। वहीं कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों द्वारा राज्य आंदोनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक में



कहा कि राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या 08 नवम्बर व 09 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रयों का आयोजन नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या 08 नवम्बर को सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने नगर निकाय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने नगर की सफाई के लिए नगर निकाय के अधिकारियों व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। कहा कि राहगीर व जरूरतमंद लोगों को उपजिलाधिकारियों द्वारा कंबल वितरण किये जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा जनपद के अंतर्गत वृद्धआश्रमों व अन्य आश्रमों में फल वितरण भी किये जाएंगे। डीएम ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिन बुजुर्ग व्यक्तियों के आधार नहीं बने हैं उनकी सुविधा के लिए जनपद के अलग-अलग स्थानों में आधार शिविर भी लगाये जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य कैंप लगवाने व अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर 10 विभागीय स्टॉल लगाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये हैं। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुंवर, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, एआरटीओ एन.के. ओझा सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

पांच लाख की साइबर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी पुलिस को पांच लाख की साइबर धोखाधड़ी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के एक सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गैंग के सदस्य विदेश से महंगे पार्सल भिजवाने का लालच देकर साइबर ठगी करते है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 3 नवंबर 2024 को वादिनी श्रीमती सुलोचना देवी निवासी श्रीकोट, श्रीनगर द्वारा कोतवाली श्रीनगर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। शिकायती पत्र में सुलोचना देवी ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल नम्बर पर व्हाट्स अप कॉल करके बताया कि मैं लंदन से बात कर रहा हूँ और आपके लिए यहां से आई फोन, सोने, चांदी के जेवरात व महंगे कपड़े पार्सल के माध्यम से भेजूंगा। मैं किसी मुसीबत में हूं और मुझे अभी पैसों की सख्त जरुरत है आप मुझे अभी 4 लाख 20 हजार रुपये मेरे एजेन्ट के खाते

में ट्रांसफर कर दो। जिस पर वादिनी ने दिए गए बैंक खाते में गूगल पे व अन्य माध्यम से लगभग 5 लाख की धनराशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। शिकयती पत्र के आधार पर कोतवाली श्रीनगर में आईसी की धारा 318 (4) बी.एन.एस. के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन व कुशल सुरागरसी पतारसी की गई तो प्रकाश में आया कि ऑनलाइन साइबर ठगी करने वाला यह गैंग दिल्ली और बिहार से संचालित हो रहा है।

पुलिस टीम ने उक्त अभियोग में संलिप्त एक अभियुक्त गौरव मल्होत्रा निवासी गली नंबर-2, ईस्ट सागरपुर, नई दिल्ली को बीती बुधवार को सागरपुर कैलाशपुरी, नई दिल्ली से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त गौरव मल्होत्रा पुत्र अजय मल्होत्रा को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश गैरोला, मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह, आरक्षी चरण सिंह, हरीश कुमार आदि शामिल थे।

अपराध करने का तरीका

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगों को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से बताते हैं कि आपको हमारे द्वारा विदेश से महंगे फोन, कपड़े व अन्य कीमती सामान पार्सल के माध्यम से सस्ते दामों में भेजा जाएगा। जिसका डिलीवरी चार्ज बहुत कम होता है। जिससे लोग लालच में आ कर हमें पैसे ट्रांसफर कर देते थे। हम लोगों का माइंड वाश करते हुये उनसे लाखों रुपये गूगल पे, फोन पे व अन्य माध्यमों से अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवाते थे।

11 नवंबर को गुरिल्ला देहरादून में बैठक कर बनायेंगे रणनीति

नई टिहरी : बैठक में गुरिल्लाओं ने कहा कि बीती 2 सितंबर को जब गुरिल्लाओं का सीएम आवास कूच किया था, तो सरकार ने आनन-फानन में गुरिल्ला संगठन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया, जिसमें शासन ने गुरिल्ला संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता में 48 घंटे के भीतर मांगों पर कार्यवाही का भरोसा दिया था। लेकिन डेढ़ माह बीतने के बावजूद भी सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। दस नवंबर को एसएसबी गुरिला संगठन के पदाधिकारी देहरादून कूच करेंगे और 11 नवंबर को जैन धर्मशाल में बैठक कर आगे आंदोलन की रणनीति तय करेंगे। कहा कि नैनीताल हाईकोर्ट ने भी 4 अगस्त 2022 को गुरिल्लाओं के पक्ष में फैसला सुनाया था। मणिपुर की सरकार ने गुरिल्लाओं को नौकरी और पेंशन 2004 में दे दी है। (एजेंसी)

पंडर गांव बनेगी आदर्श ग्राम पंचायत : सीडीओ त्रिपाठी

नई टिहरी : जनपद के ब्लाक प्रतापनगर की पट्टी उपली रमोली के ग्राम पंचायत पंडर गांव में प्रमुख प्रदीप चंद रमोला की अध्यक्षता में विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि पंडर गांव में एक आदर्श ग्राम सभा की तर्ज पर विकास कार्य किये जायेंगे।

सीडीओ ने पंडरगांव के भैरव देवता मंदिर के दर्शन कर मंदिर परिसर के आसपास मनरेगा के तहत हुए वनीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। गुरुवार को पंडरगांव में आयोजित विकास गोष्ठी में सीडीओ त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं गांव की कृषि योग्य भूमि की मेड पर फलदार पौधों का रोपण का स्वरोजगार के कामों को आगे बढ़ायें। जिसके लिए महिलाओं को सभी संसाधन मनरेगा के तहत उपलब्ध कराये जायेंगे। गोष्ठी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिह पंवार ने सीडीओ को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सीडीओ ने पंडरगांव मे बारात घर का निर्माण करवाने, पंचायत भवन से भैरव देवता मंदिर तक सीसी मार्ग का निर्माण कार्य, घेरबाढ़, रैका से मां दिन्याली देवी मंदिर तक के मार्ग का समतलीकरण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रैका से सदडगांव स्वीकृत मोटर मार्ग का जियोलाजिकल सर्वे जल्द करवाने को कहा। इस अवसर पर डीडीओ मोहम्मद असलम, खंड विकास अधिकारी नंद किशोर नौटियाल, प्रधान संगठन अध्यक्ष लोकपाल कंडियाल, डा बिजेंद्र असवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य आरती देवी, पिंकी देवी, धनपाल पंवार, कीर्ति पंवार, रतन सिह पंवार, भगवान सिह पंवार, कृषि अधिकारी मनोज कुमार, अवर अभियंता भगवान सिह पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

डीएम ने लिया गौचर मेले की तैयारियों का जायजा

चमोली : 72वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेला आगामी 14 नवंबर से शुरू होगा। मेले के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गुरूवार को गौचर मेला मैदान में मेले से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

मेला मैदान में मुख्य पंडाल, स्टॉल, प्रवेश व निकासी द्वार, वाहन पार्किंग, विद्युत, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाएं 12 नवंबर तक चाक चौबन्द करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए शटल सेवा की व्यवस्था के साथ ही वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। नगर पालिका को मेले के दौरान और मेला समापन पर मेला मैदान की साफ-सफाई के लिए अभी से पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मेला मैदान में 429 दुकानें बनाई जा रही है, जिसमें से 274 दुकान बन चुकी है और 50 दुकानों की फ्रेमिंग कर ली गई है। मेला मैदान में मोबाइल शौचालय लगा दिए गए है। मेला पंडाल तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है और आगामी 12 नवंबर तक सभी व्यवस्थाएं कर ली जाएंगी।

निकाय चुनाव में ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण तय

देहरादून। प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय में गुरूवार को ओबीसी आरक्षण पर अपनी तस्वीर साफ कर दी। सरकार इस मसले पर जल्द अध्यादेश के जरिये अपनी मुहर लगा देगी। रूद्रपुर निवासी रिजवान अंसारी की ओर से दायर जनहित याचिका पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश जवाबी हलफनामा में कहा गया कि ओबीसी आरक्षण पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रह्म सिंह वर्मा की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की जो सिफारिश की गयी है उसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उस पर मंत्रिमंडल ने अपनी मुहर भी लगा दी है। आगे कहा गया कि सरकार इस मामले में आगामी दो सप्ताह में अध्यादेश लाकर अपनी मुहर लगा देगी। अंत में सरकार के जवाब से संतुष्ट होते हुए अदालत ने जनहित याचिका को पूरी तरह से निस्तारित कर दिया।

रामलीला मंचन देखने भारी संख्या में पहुंचे दर्शक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी जनपद की मनियारस्यूं पट्टी की थापला गांव में आयोजित रामलीला मंचन में भारी संख्या में दर्शको की भीड़ उमड़ रही है। क्योंकि यहां रामलीला मंचन रात्री में आयोजित होता है।

थापला की रामलीला मंचन में सुपर्णखा की अभिनय में मेहमान कलाकार कोमल राणा नेगी का अभिनय देखने भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। थापला गांव की रामलीला मंचन में महिलाओं का अधिक सहभागिता रही।

चतुर्थ दिवस की रामलीला मंचन में सुपर्णखा के अभिनय में मेहमान कलाकार की भूमिका में उत्तराखण्ड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री कोमल राणा नेगी

मेहमान कलाकार के तौर पर रामलीला समिति ने आमंत्रित किया था। चतुर्थ दिवस पर दूर-दराज गांवों से भारी संख्या में दर्शक रामलीला मंचन पहुंचे, यहां की सुप्रसिद्ध रामलीला मंचन में अधिकतर दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र से जाने माने रंग मंच के मजे हुए कलाकार शिरकत करते है। जिसमें सुपर्णखा कोमल राणा नेगी जबकि विगत कई वर्षो से बंटी नैथानी (रावण) मकान सिंह रावत (दशरथ), सुदेश नैथानी (हनुमान), जसवंत नेगी (मेघनाथ), राधिका चतुर्वेदी (कैकई), पूनम लखेड़ा (कौशल्या) भी विशेष मेहमान के तौर पर शिरकत करते हैं। रामलीला मंचन के निर्देशन अनिल नैथानी, जबकि मुख्य संयोजक संजय असवाल की विशेष भूमिका रहती है। रामलीला मंचन समिति की बागडोर इस बार मातृशक्ति के हाथों में है। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती सरोज असवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा कुकरेती, उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा असवाल, सचिव श्रीमती लक्ष्मी असवाल सहित समस्त महिला महिला मंगल दल युवक मंगल दल का विशेष योगदान रहता हैं। ग्राम पंचायत प्रधान राकेश कुमार सहित आस पास ग्रामों के कई जनप्रतिनिधियों की भी दर्शकों के रूप में मौजूदगी रही।

बहुउद्देशीय शिविर में हंगामा, स्वास्थ्य विभाग की टीम शिविर छोड़कर गई

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लॉक परिसर में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में हंगामा हो गया। विधायक पौड़ी और ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल के साथ कुछ डॉक्टरों की तीखी बहस हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं। ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल और ब्लॉक प्रमुख प्रदेश संगठन के अध्यक्ष महेंद्र राणा ने कहा कि शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने सहित स्वास्थ्य संबंधी काम होते हैं। शिकायत मिली कि लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं बन रहे है, वे विधायक पौड़ी के साथ स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर पहुंचे। प्रमुख ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घटना की जानकारी दी। इस दौरान जिला अस्पताल की टीम बीच में ही शिविर छोड़कर चली

गई। गुरूवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी पहुंचे। इस दौरान प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने पर लोगों ने इसकी शिकायत विधायक से की। विधायक और ब्लॉक प्रमुख भी स्टॉल पर पहुंचे। इस दौरान डाक्टरों की उनसे बहस हो गई। प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने पीपीपी मोड पर संचालित पौड़ी जिला अस्पताल की टीम से दूर दराज से आए दिव्यांगों के प्रमाण पत्र नहीं बनने का कारण जानना चाह तो डॉक्टरों ने कहा कि बिना परीक्षण प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे। टीम के अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन, ईएनटी सर्जन द्वारा दिव्यांगों को परीक्षण के लिए दून और बेस श्रीनगर के लिए रैफर करने को कहा गया, जिस कारण जनप्रतिनिधि भड़क गए। प्रमुख महेंद्र राणा ने कहा कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम का आने का क्या फायदा जब दिव्यांगों को अन्यत्र परीक्षण कराने के लिए जाना है तो। कहा कि क्षेत्रीय विधायक के समक्ष जनप्रतिनिधियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसकी शिकायत स्वास्थ्य मंत्री से की जाएगी। इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख महेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा, एडीओ पंचायत मेघराज सिंह, स्वास्थ्य विभाग में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष गुसाई, डॉ. ऐश्वर्य कुमार, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल राणा, धर्मेंद्र पंवार (डीडीआरसी), अंकित मुंडेपी सहित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, समाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में बनें 18 प्रमाण पत्र

गुरूवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने दूर दराज से भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, मानसिक और शारीरिक दिव्यांग लोग पहुंचे। शिविर में मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांगजनों के 18 प्रमाण पत्र मुख्यातिथियों के हाथों वितरण किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यागजनों को कानों की मशीन, व्हील चियर, बोकर, छड़ी आदि वितरित की गई। शिविर समाज कल्याण के अलावा स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, उद्योग विभाग, बाल विकास विभाग, रिप परियोजना, आजीविका आदि के स्टॉल भी लगाए गए। जिनका विधायक राजकुमार पोरी द्वारा औचिक निरीक्षण किया गया। शिविर में 60 लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com